epaper
हिन्दुस्तान

# यूपी का बजट 6.5 लाख करोड़ होने का अनुमान

15/05/2022

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** योगी सरकार के इस बार के बजट में लोक कल्याण संकल्प पत्र के कुछ वायदों को साकार किया जाएगा। बजट आकार करीब 6.5 लाख करोड़ का अनुमानित है। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा।

**18** अरब का बोझ किसानों को मुफ्त बिजली पर आएगा

- किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली संभव

इस बार किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की घोषणा बजट में कर सकती है। भाजपा के संकल्प पत्र में इसे प्रमुखता से शामिल भी किया गया था। इस घोषणा को पूरा करने पर सरकार के खजाने पर करीब 1800 करोड़ रुपये सालाना का व्ययभार आएगा जो कि कर्जमाफी के बजट से बहुत कम भी है। कोयला संकट को देखते हुए बिजली की उपलब्धता में आ रही दिक्कतों को देखते हुए यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि शायद सरकार इस बजट में इसे शामिल ना करे। सरकार किसानों के आलू, प्याज, टमाटर जैसी फसलों का न्यूनतम मूल्य सुनिश्चित करने के लिए भामाशाह भाव स्थिरता कोष बनाने की घोषणा को भी बजट का हिस्सा बना सकती है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत वित्तीय सहायता को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने, 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन (बसों) में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने, विधवा व निराश्रित महिलाओं की पेंशन में वृद्धि, मेधावी छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई योजना केत हत मुफ्त स्कूटी वितरण तथा माध्यमिक विद्यालयों के बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण की घोषणा को इस बजट के माध्यम से आगे बढ़ा सकती है।